**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 707**
**26 जुलाई, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

## स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर

**707. श्री शफी परम्बिल:**

**क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत दस वर्षों के दौरान स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से मरने वाली महिलाओं की राज्य-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) सरकार द्वारा देश में स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की घटनाओं को रोकने के लिए महिलाओं में जागरूकता पैदा करने हेतु क्या उपाय किए गए हैं/किए जाने का विचार है;

(ग) क्या सरकार देश में स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के प्रति जागरूकता लाने वाले कार्यक्रमों में लगे गैर-सरकारी संगठनों और अन्य संगठनों की सहायता कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रतापराव जाधव)**

(क): भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) - राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम (एनसीआरपी) के आंकड़ों के अनुसार, देश में वर्ष 2014-2023 के दौरान स्तन और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से होने वाली मृत्यु की अनुमानित संख्या, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार क्रमशः अनुलग्नक-I और अनुलग्नक- II के अनुसार है।

(ख): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के भाग के रूप में गैर-संचारी रोगों के निवारण और नियंत्रण हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनसे प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर और उनके संसाधन दायरे के भीतर तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) सहित स्तन और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के उपचार के लिए अवसंरचना सुदृढ़ीकरण, मानव संसाधन विकास, इन रोगों की रोकथाम, शीघ्र निदान, प्रबंधन के लिए

स्वास्थ्य संवर्धन और जागरूकता सृजन तथा उपचार के लिए उपयुक्त स्तर के स्वास्थ्य परिचर्या सुविधाकेंद्र में रेफरल पर विशेष बल दिया जाता है।

एनएचएम के तहत देश में व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या के एक भाग के रूप में सामान्य एनसीडी अर्थात् मधुमेह, उच्च रक्तचाप और सामान्य कैंसर (मुख, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा) की रोकथाम, नियंत्रण और जांच के लिए जनसंख्या-आधारित पहल शुरू की गई है। इन सामान्य एनसीडी की जांच आयुष्मान आरोग्य मंदिर (पूर्व में आयुष्मान भारत - स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र) के तहत सेवा वितरण का एक अभिन्न अंग है।

टीकाकरण संबंधी राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह (एनटीएजीआई) ने जून, 2022 में 9 से 14 वर्ष की किशोरियों के लिए सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम में एचपीवी वैक्सीन की शुरूआत की अनुशंसा की थी। अंतरिम केंद्रीय बजट 2024-2025 में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम के लिए 9 से 14 वर्ष की आयु वर्ग की लड़कियों के लिए टीकाकरण को प्रोत्साहित करने का उल्लेख किया गया है।

स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर सहित गैर-संचारी रोगों के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए आगे की पहलों में प्रत्येक वर्ष क्रमशः 7 नवंबर और 4 फरवरी को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस और विश्व कैंसर दिवस मनाना और निरंतर सामुदायिक जागरूकता के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया का उपयोग करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के माध्यम से स्वस्थ भोजन को भी बढ़ावा दिया जाता है। फिट इंडिया अभियान युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जाता है और आयुष मंत्रालय द्वारा योग से संबंधित विभिन्न कार्यकलाप किए जाते हैं। इसके अलावा, एनपी-एनसीडी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उनके कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के अनुसार एनसीडी के लिए जागरूकता सृजन (आईईसी) गतिविधियों के संबंध में एनएचएम के तहत वित्तीय सहायता दी जाती है।

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2018 में एनपी-एनसीडी के तहत एनसीडी स्क्रीनिंग और प्रबंधन तथा परिचर्या की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय एनसीडी पोर्टल शुरू किया गया है। यह पोर्टल 30+ आबादी के लिए पांच सामान्य एनसीडी (उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुख, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) हेतु जनसंख्या गणना, जोखिम मूल्यांकन और जांच को सक्षम बनाता है।

(ग) और (घ): गैर-सरकारी संगठनों/संगठनों को राष्ट्रीय गैर-संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के अंतर्गत सहायता नहीं दी जाती है।

| भारत में विभिन्न राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा कैंसर के मामलों की अनुमानित मृत्यु दर - स्तन कैंसर (2014-2023) - महिलाएँ | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राज्य | **2014** | **2015** | **2016** | **2017** | **2018** | **2019** | **2020** | **2021** | **2022** | **2023** |
| जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र | 569 | 586 | 603 | 619 | 638 | 656 | 674 | 694 | 712 | 732 |
| लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र | 12 | 12 | 12 | 13 | 13 | 13 | 14 | 14 | 15 | 15 |
| हिमाचल प्रदेश | 432 | 442 | 453 | 465 | 476 | 487 | 499 | 511 | 523 | 535 |
| पंजाब | 1972 | 2024 | 2079 | 2133 | 2189 | 2246 | 2303 | 2361 | 2421 | 2480 |
| चंडीगढ़ | 51 | 53 | 55 | 57 | 58 | 60 | 62 | 64 | 65 | 67 |
| उत्तरांचल | 546 | 562 | 577 | 593 | 608 | 624 | 641 | 658 | 674 | 692 |
| हरियाणा | 1343 | 1387 | 1432 | 1477 | 1524 | 1572 | 1620 | 1669 | 1720 | 1771 |
| दिल्ली | 1051 | 1090 | 1130 | 1170 | 1212 | 1255 | 1299 | 1343 | 1389 | 1436 |
| राजस्थान | 3335 | 3431 | 3529 | 3630 | 3731 | 3836 | 3942 | 4051 | 4162 | 4274 |
| उत्तर प्रदेश | 9121 | 9360 | 9605 | 9853 | 10108 | 10365 | 10629 | 10898 | 11172 | 11451 |
| बिहार | 4567 | 4691 | 4818 | 4946 | 5078 | 5214 | 5352 | 5493 | 5638 | 5786 |
| सिक्किम | 10 | 10 | 11 | 12 | 12 | 12 | 12 | 13 | 13 | 13 |
| अरुणाचल प्रदेश | 22 | 23 | 23 | 25 | 25 | 26 | 26 | 27 | 28 | 28 |
| नागालैंड | 26 | 28 | 28 | 29 | 30 | 31 | 32 | 33 | 33 | 35 |
| मणिपुर | 52 | 54 | 55 | 58 | 60 | 61 | 63 | 65 | 68 | 71 |
| मिजोरम | 38 | 39 | 40 | 42 | 43 | 45 | 45 | 47 | 48 | 50 |
| त्रिपुरा | 53 | 54 | 56 | 57 | 59 | 60 | 62 | 64 | 65 | 67 |
| मेघालय | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | 33 | 33 | 34 | 35 | 36 |
| असम | 912 | 937 | 963 | 989 | 1016 | 1044 | 1071 | 1100 | 1128 | 1157 |
| पश्चिम बंगाल | 5140 | 5279 | 5421 | 5566 | 5712 | 5859 | 6010 | 6161 | 6315 | 6472 |
| झारखण्ड | 1575 | 1621 | 1668 | 1716 | 1766 | 1815 | 1866 | 1920 | 1972 | 2027 |
| ओडिशा | 2425 | 2485 | 2544 | 2606 | 2667 | 2730 | 2793 | 2857 | 2923 | 2989 |
| छत्तीसगढ़ | 1358 | 1395 | 1433 | 1471 | 1509 | 1549 | 1590 | 1630 | 1673 | 1717 |
| मध्य प्रदेश | 3628 | 3732 | 3838 | 3945 | 4055 | 4166 | 4278 | 4395 | 4514 | 4634 |
| गुजरात | 3355 | 3450 | 3547 | 3647 | 3748 | 3850 | 3955 | 4062 | 4170 | 4280 |
| दमन | 9 | 9 | 10 | 10 | 11 | 11 | 12 | 12 | 12 | 12 |
| दादरा व नगर हवेली | 13 | 13 | 14 | 15 | 15 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| महाराष्ट्र | 5818 | 5970 | 6124 | 6279 | 6437 | 6598 | 6761 | 6926 | 7094 | 7265 |
| तेलंगाना | 2382 | 2447 | 2513 | 2580 | 2648 | 2716 | 2787 | 2857 | 2928 | 3001 |
| आंध्र प्रदेश | 3623 | 3710 | 3797 | 3886 | 3976 | 4066 | 4157 | 4249 | 4341 | 4435 |
| कर्नाटक | 4260 | 4377 | 4497 | 4618 | 4742 | 4868 | 4995 | 5124 | 5255 | 5388 |
| गोवा | 90 | 92 | 94 | 97 | 99 | 102 | 103 | 106 | 109 | 110 |
| लक्षद्वीप | 4 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 |
| केरल | 2762 | 2821 | 2879 | 2938 | 2998 | 3058 | 3118 | 3179 | 3240 | 3301 |
| तमिलनाडु | 4581 | 4720 | 4861 | 5006 | 5152 | 5301 | 5453 | 5607 | 5765 | 5926 |
| पुदुचेरी | 91 | 93 | 96 | 100 | 104 | 107 | 110 | 115 | 119 | 124 |
| अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 22 | 23 | 24 | 24 | 25 | 25 | 26 | 26 | 28 | 28 |
| भारत | **65275** | **67053** | **68863** | **70707** | **72580** | **74481** | **76414** | **78387** | **80390** | **82429** |

संदर्भ: राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम

भारत में विभिन्न राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा कैंसर के मामलों की अनुमानित मृत्यु दर - गर्भाशय ग्रीवा कैंसर - (2014-2023)

| राज्य | 2014 | 2015 | 2016 | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र | 233 | 241 | 248 | 256 | 261 | 269 | 278 | 285 | 293 | 301 |
| लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र | 6 | 6 | 6 | 6 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 |
| हिमाचल प्रदेश | 180 | 184 | 189 | 193 | 198 | 203 | 209 | 213 | 218 | 223 |
| पंजाब | 857 | 880 | 904 | 929 | 953 | 978 | 1003 | 1029 | 1056 | 1082 |
| चंडीगढ़ | 21 | 22 | 22 | 22 | 24 | 26 | 26 | 26 | 27 | 28 |
| उत्तरांचल | 227 | 234 | 241 | 246 | 253 | 261 | 268 | 275 | 281 | 289 |
| हरियाणा | 559 | 577 | 595 | 616 | 634 | 654 | 676 | 695 | 717 | 738 |
| दिल्ली | 447 | 465 | 482 | 499 | 518 | 535 | 554 | 573 | 593 | 613 |
| राजस्थान | 1384 | 1424 | 1464 | 1507 | 1550 | 1593 | 1637 | 1682 | 1728 | 1775 |
| उत्तर प्रदेश | 3789 | 3890 | 3991 | 4095 | 4202 | 4309 | 4420 | 4532 | 4646 | 4763 |
| बिहार | 1900 | 1953 | 2006 | 2061 | 2116 | 2174 | 2232 | 2291 | 2353 | 2415 |
| सिक्किम | 10 | 10 | 11 | 11 | 11 | 11 | 11 | 12 | 13 | 13 |
| अरुणाचल प्रदेश | 26 | 27 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | 33 | 33 | 34 |
| नागालैंड | 43 | 44 | 45 | 46 | 48 | 50 | 51 | 53 | 55 | 56 |
| मणिपुर | 38 | 38 | 39 | 41 | 44 | 44 | 45 | 47 | 49 | 51 |
| मिजोरम | 50 | 52 | 54 | 56 | 57 | 59 | 61 | 63 | 65 | 67 |
| त्रिपुरा | 71 | 72 | 76 | 77 | 79 | 81 | 84 | 85 | 88 | 90 |
| मेघालय | 41 | 42 | 43 | 44 | 47 | 48 | 49 | 50 | 51 | 54 |
| असम | 673 | 691 | 711 | 731 | 752 | 772 | 793 | 814 | 836 | 859 |
| पश्चिम बंगाल | 2133 | 2192 | 2251 | 2312 | 2374 | 2435 | 2499 | 2562 | 2627 | 2692 |
| झारखण्ड | 656 | 675 | 696 | 715 | 737 | 758 | 779 | 801 | 825 | 847 |
| ओडिशा | 1012 | 1037 | 1063 | 1089 | 1115 | 1142 | 1169 | 1195 | 1222 | 1251 |
| छत्तीसगढ़ | 565 | 581 | 597 | 612 | 629 | 645 | 663 | 680 | 697 | 715 |
| मध्य प्रदेश | 1507 | 1550 | 1594 | 1639 | 1684 | 1731 | 1778 | 1826 | 1876 | 1926 |
| गुजरात | 1393 | 1434 | 1474 | 1515 | 1557 | 1600 | 1645 | 1690 | 1735 | 1781 |
| दमन | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 5 |
| दादरा व नगर हवेली | 5 | 5 | 6 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 | 7 |
| महाराष्ट्र | 2540 | 2606 | 2673 | 2741 | 2810 | 2880 | 2952 | 3024 | 3096 | 3171 |
| तेलंगाना | 948 | 975 | 1001 | 1029 | 1057 | 1085 | 1114 | 1142 | 1173 | 1202 |
| आंध्र प्रदेश | 1449 | 1486 | 1522 | 1559 | 1596 | 1634 | 1672 | 1710 | 1748 | 1788 |
| कर्नाटक | 1697 | 1745 | 1793 | 1842 | 1893 | 1944 | 1996 | 2049 | 2101 | 2156 |
| गोवा | 40 | 41 | 42 | 43 | 43 | 44 | 46 | 47 | 47 | 48 |
| लक्षद्वीप | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 3 |
| केरल | 671 | 686 | 701 | 717 | 732 | 748 | 763 | 779 | 794 | 810 |
| तमिलनाडु | 3024 | 3100 | 3179 | 3256 | 3337 | 3418 | 3502 | 3584 | 3669 | 3755 |
| पुदुचेरी | 46 | 49 | 52 | 54 | 56 | 56 | 59 | 61 | 63 | 65 |
| अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 8 | 9 | 9 | 9 | 9 | 9 | 10 | 10 | 11 | 11 |
| भारत | **28255** | **29029** | **29813** | **30609** | **31425** | **32246** | **33095** | **33938** | **34806** | **35691** |

संदर्भ: राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम

***********